>

Title: Need to expedite the construction of bridges over railway lines in Bharatpur, Rajasthan.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): महोदय, भरतपुर शहर के पास दो ओवरब्रिज रेलवे लाइन्स पर पिछले ढाई वर्षों से निर्माणाधीन हैं। एक ओवरब्रिज भरतपुर से कुम्हेर व दूसरा भरतपुर से मथुरा सड़क व रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन है। एक ब्रिज एलसी 252 व दूसरा एलसी 244 पर निर्माणाधीन है। निर्माण कार्यों की गति अत्यधिक धीमी है, प्रायः बंद ही है। सभी यात्री और लोकसभा क्षेत्र भरतपुर के सभी व्यक्तियों का आवागमन अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। कई-कई घंटे परिवहन अवरूद्ध रहता है, परिवहन सुविधा हेतु यहां कोई उपयुक्त बाईपास सर्विस रोड भी नहीं बनी हुई है। माननीय रेल मंत्री महोदय से सदन के माध्यम से निवेदन है कि इन दोनों रेलवे ओवरब्रिजेज को शीघ्र बनाने हेतु आदेश दें। यह उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अपने एप्रोच ब्रिजेज के निर्माण कार्य पूर्ण कर दिए हैं। माननीय रेल मंत्री महोदय इन दोनों ब्रिजेज के शीघ्र निर्माण के लिए आदेश प्रदान करें जिससे परिवहन सुगम व सहज हो सके। हम सभी बहुत आभारी होंगे।